विषयः—दिनांक **01.01.2025 से 31.01.2025** के दौरान रे.सु.ब. बीकानेर द्वारा किए गए सराहनीय कार्य एवं उपलब्धियों का विवरण।

संदर्भः—प्र.का.पत्रांक—उ.प.रे. / अप—उपलब्धि / रेसुब / 48 / 12 दिनांक 24.07.2012

———————————

उपरोक्त विषयांकित एवं संदर्भित की अनुपालना में लेख है कि बीकानेर मण्डल से चाही गयी सूचना दिये गये प्रारूप पर तैयार कर भेजी जा रही हैः—

**1. यात्री मित्र बुथ द्वारा यात्रियों को सहायताः—**

| क्र.स. | सुविधाओं का विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | यात्रियों को रेसुब सहायता बूथ से सूचना प्रदान की गयी | 46 |
| 2 | यात्रियों को व्हील चेयर की सुविधा प्रदान की गयी | 03 |
| 3 | यात्रियों को चिकित्सा सुविधा दिलवायी गयी | 00 |
| 4 | लावारिश बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गो को एनजीओ / परिजनों को सुपुर्द किये गये। | 05 Children+03 women+ 02 Men =10 |

**2. खोये पाये बच्चे / महिलाओं / व्यक्तियों का विवरणः—**

| क्र. सं. | लावारिस पाये गये व्यक्तियों के नाम पते व विवरण | फोटोग्राफ |
|---|---|---|
| 1. | दिनांक 02.01..2025 को सउनि शीशराम हाजिर कार्यालय चौकी रेसुब लोहारु को गाडी संख्या 04351 से एक यात्री श्री आनंद पुत्र श्री अमीलाल ने एक लडके को पेश करते हुए बताया कि ये लडका इस गाडी में बैठ कर आ गया है और मैं रोजाना इस रूट पर आता जाता हूॅ व महेन्द्रगढ स्टेशन पर काम करने वाले मजदूर के साथ मैंने इसे देखा है। लोहारू स्टेशन पर गाडी के आगमन पर प्लेटफार्म पर एक महिला कां को देखकर मैनें बच्चे को उक्त म.कां कंचन को दिखाया व उक्त घटना के बारे बताया व बच्चे को पेश किया। जिसको पुछने पर अपना नाम टाइगर पिता का नाम अजय और अपनी बुआ माला गुजराती के पास माजरा में रहना बता रहा था तथा गाडी में बैठ कर घर से निकलना बताया। माता—पिता अपने गांव में रहना बताया। सउनि द्वारा महेन्द्रगढ रेसुब स्टाफ को उक्त घटना के बारे में बताया जिस पर महेन्द्रगढ स्टेशन पर अनाउंसमेन्ट कराने पर उक्त बच्चे के परिजन रेसुब स्टाफ के पास आए व उन्हें बच्चे के बारे में सूचना दी गई। सी.डब्लू.सी चेयरमैन / सदस्य भिवानी श्री रमेश कुमार को भी सूचित किया गया। दिनांक 02.01.2024 को एक व्यक्ति व एक महिला सउनि शीशराम के समक्ष लोहारू चौकी में आए व खुद को बच्चे टाइगर का फूफा विजय व बुआ माला गुजराती पता शिवाजी नगर ,गिरवा, उदयपुर राजस्थान होना बताया व महेन्द्रगढ आरपीएफ स्टाफ द्वारा टाइगर के लोहारू आरपीएफ स्टाफ के पास हाने की सूचना मिलने पर यहां आना बताया। बच्चे को टाइगर व उक्त महिला व व्यक्ति को मिलवाया, तीनों ने आपस मे पहचान कर खुशी जाहिर किया व तीनों का फूफा,बुआ व भतीजे का संबंध होना पाया गया। इस पर पता व पहचान तसदीक कर रुबरुह गवाहान टाइगर उम्र 09 वर्ष को उसकी बुआ माला गुजराती व फूफा विजय पता उक्त को सही हालत में सुपुर्द किया गया। |  |
| 2. | दिनांक 04.01..25 को उनि पूनम सैनी हाजिर कार्यालय चौकी रेसुब लोहारु को लोहारू स्टेशन पर प्लेटफार्म 02 पर स्थित स्टॉल के वर्कर बबली ने एक बच्चे को पेश करते हुए बताया कि ये लडका गाडी सं. 04368 में बैठ कर आगया है और चहड़ पहाड़ी गांव जाने के लिए कह रहा है। जिसको पुछने पर अपना नाम सुर्यकान्त पिता का नाम महावीर उम्र—8वर्ष गावं दयावठ, तहसील—सिद्वमुख, जिला—चुरू राजस्थान का रहने वाला है। माता—पिता के बारे में पुछने पर बताया कि उसके माता—पिता का देहान्त हो गया है तथा वह अपनी दादी के पास दयावठ में रहता है और आज वह अपनी दादी के भाई धर्मपाल के पास जाने के लिए अपने घर पर बिना बताये घर से निकल कर आ गया। बरालु गांव जाने के लिए वह स्टेशन का नाम भुल गया और लोहारू जंक्शन पर उतर कर चाय की दुकान वाले से बरालु स्टेशन का दूसरा नाम तथा बरालु जाने के लिए गाड़ी के बारे में पुछना बताया। दयावठ गांव, बरालु |  |

| | | |
|---|---|---|
| | गांव और चहड़पहाड़ी गांव के लोगों से सम्पर्क कर उक्त गुमशुदा बच्चे के बारे में सूचना दी तथा उसके परिवारजनों तक बच्चे के लोहारू स्टेशन पर होने बाबत सूचना पहुॅचाई व चाईल्ड वेलफेयर कमेटी के चैयरमैन को भी सूचना दी। उक्त सूचना पाकर दिनांक 04.01.2025 को गुमशुदा बच्चे की दादी के भाई श्री धर्मपाल पुत्र श्री धानीराम, उम्र–45वर्ष, निवासी गांव पहाड़ी (36) पु.थाना लोहारू जिला –भिवानी (मोबा. 9050936501) लोहारू जंक्शन आये। बच्चे ने उक्त व्यक्ति को देखकर अपना दादा धर्मपाल के रूप में पहचान किया। इस पर पहचान व पता तस्दीक कर बच्चे को सही सलामत चाईल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन श्री रमेश कुमार व रूबरूह गवाहान की मौजूदगी में बच्चे के दादा श्री धर्मपाल पता उपरोक्त को सुपुर्द किया। | |
| 3. | दिनांक 11.01.2025 को उप निरीक्षक डूंगर सिंह के रेसुब थाना हाजिर के दौरान एक यात्री रेसुब थाना में हाजिर हुआ अपना नाम दिनेश कुमार मोबाईल नम्बर 8875070154 तथा बताया कि वह सवारी गाडी संख्या 54762 में करणपुर से श्रीगंगानगर आ रहा था तभी एक महिला सहमी हुई पास में सीट पर बैठी थी, जिससे पुछताछ किया तो उसने अपना नाम पता गगनदीप कौर पुत्री श्री संतोख सिंह, उम्र 19 वर्ष, निवासी गांव 21 पीटीडी, समेजाकोठी जिला श्रीगंगानगर बताते हुए बताया कि आज सुबह घर में मम्मी–पापा ने मोबाईल के लिए डांट दिया, जिसकी वजह से वह गांव से बस द्वारा रायसिंहनगर रेलवे स्टेशन पंहुची तथा रायसिंहनगर से श्रीगंगानगर जाने वाली रेलगाडी में बैठ गई, घर पर जाना हैं बताया। जिसने अपने पिता संतोख सिंह के मोबाईल नम्बर 9828162711 बताऐ जिसके मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क किया तो संतोख सिंह ने बताया कि प्रातः 08.00 बजे से मेरी पुत्री गगनदीप कौर घर पर नहीं हैं, जिसको ढूंढ रहे थे। उक्त महिला से पुछताछ करने पर उक्त बताया तथा स्टेशन अधीक्षक श्रीगंगानगर से समन्वय कर डयुटी पर तैनात महिला बबिता, प्वाईंटसमैन की निगरानी में स्टेशन अधीक्षक कार्यालय श्रीगंगानगर में बैठाया गया। उक्त महिला से स्वास्थय स्मबन्धी पुछताछ करने पर स्वंय को स्वस्थ होना बताया किसी प्रकार का कोई शारिरिक/मानसिक शोषण होना नहीं बताया। उप निरीक्षक के रेसुब थाना हाजिर के समक्ष दो व्यक्ति पेश हुए जिन्होने अपना नाम संतोख सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह, उम्र 47 वर्ष, निवासी 21 पीटीडी, समेजाकोठी जिला श्रीगंगानगर तथा जगदीश सिंह पुत्र श्री बलवन्त सिंह, उम्र 24 वर्ष, निवासी 43 पीएस, पोस्ट ऑफिस 41 पीएस जिला श्रीगंगानगर (राज.) ने पुत्री तथा भान्जी बताया। तस्दीक उपरान्त उक्त महिला से जाने के लिए पुछने पर अपने पापा एवं मामा के साथ स्वेच्छा से जाना बताया। बाद उक्त महिला को सुकुशल स्वेच्छा से अपने घर जाने की इच्छा पर स्वस्थ हालात में रूबरू गवाहान के समक्ष सूपूर्द्व किया गया। |  |
| 4. | दिनांक 19.01.2025 को सादुलपुर स्टेशन प्लेटफार्म डयुटी पर तैनात कास्टे0 जोगेन्द्र सिंह को प्लेटफार्म न0–04 पर एक लड़का गुमशुम बैठे हुआ नजर आया तो उक्त कांस्टेबल ने बच्चे से प्यार से पुछताछ किया एव चाय व नास्ता करवाया तो उक्त बच्चे ने बताया कि स्वंय घर से बीना बताये भाग कर आया है व खाटुश्याम बाबा के जाना बताया बाद कास्टे जोगेन्द्र के द्वारा बच्चे को पोस्ट पर लेकर आये एव अच्छे माहोल्ल में बिठाया और इसी दौरान सउनि रविन्द्र सिंह हाजिर कार्यालय ने बच्चे का नाम पता पुछने पर अपना नाम राजीव पुत्र श्री बहादुर उम्र–13 वर्ष निवासी गॉव महुआ सम्पनी तह0 सेवर जिला भरतपुर होना बताया। उक्त की सुचना जरिये दुरभाष चाईल्ड हेल्प लाईन न0 1098 पर सम्पर्क कर बच्चे की पूर्ण जानकारी दी बाद चाईल्ड हेल्प लाईन चूरू से अमन पुत्र श्री ललित कुमार शर्मा उम्र–27 वर्ष निवासी शेखावत कॉलोनी वार्ड न0–20 चूरू एंव निखील पुत्र श्री जगदीश सिंह उम्र–23 वर्ष निवासी उटवालिया चूरू राज. सउनि0 रविन्द्र सिंह के समक्ष पेश होने पर रूबरू गवाहन हैड. कास्टे0 नरेश कुमार कास्टे0 कुलदीप कुमार के समक्ष चाईल्ड हेल्प लाईन चूरू को सुपुर्द कर पावती प्राप्त की गई। |  |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | दिनांक 22.01.2025 को श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 पर खडी गाडी 04760 की चैकिंग के दौरान कांस्टेबल गुरषरन सिंह को एक लावारिस महिला मिली। जो पृथम दृष्टया मंद बुद्धी लग रही थी जो अपना नाम पता बताने में असमर्थ थी। मौके पर डीओ ड्यूटी पर कार्यरत सउनि तेजसिंह मीना को बुलाया गया। मन् सउनि द्वारा उक्त महिला से पूछताछ की गई, जिसने कुछ नही बताया। सउनि द्वारा तपोवन महिला आश्रम, (सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित) 5 बी मीर्जावाला रोड नंदीषाला के सामने श्रीगंगानगर को जरिये मोबाईल सूचना देकर रेसुब थाना श्रीगंगानागर बुलाया गया। उक्त लावारिस महिला को स्वस्थय हालात में तपोवन महिला आश्रम की अकाउन्टेन्ट सुमन को सुरक्षा की द्वष्टि से अग्रिम कार्यवाही आश्रय हेतु तपोवन आश्रम श्रीगंगानगर भेजा गया। |  |
| 6. | दिनांक 22.01.2025 को उपनिरीक्षक नन्द किशोर रेसुब आउट पोस्ट चुरू को जरिये फोन मसुनिकक्ष बीकानेर से और थाना प्रभारी पुलिस थाना हमीरवास से मैसेज मिला कि गाड़ी सं0 22475 (हिसार–कोयम्बटुर) के बी–03 कोच में एक लड़की और एक लड़का बिना बताये घर से भागे हुये है, जिनके फोटोग्राफ व्हाट्सअप पर मंगवाकर का० सुमंत कुमार और जीआरपी स्टाफ है० कां० पवन हुड्डा से उक्त गाड़ी के चूरू आगमन पर चौक कराया तो बताये अनुसार कोच मे चौक करने पर ऑन ड्युटी टीटीई श्री विकास कुमार मिला जिसने दोनो की ओर इशारा कर बताया जिनका फोटोग्राफ से मिलान करने पर हुबहु पाये जाने पर नीचे उतारकर पोस्ट लाये पूछताछ करने पर अपना नाम पता श्रीमति अनिता पुत्री श्री रोहिताश कुमार उम्र 17 वर्ष 11 माह जाति कुम्हार गांव हरपालु पतराम तहसील राजगढ जिला चूरू राज० मो० नं० 9024599253 और सुरेश कुमार श्री टेकचन्द उम्र 21 वर्ष जाति कुम्हार निवासी गांव किकराल तहसील सिवानी जिला भिवानी हरि० मो० 8059727828 बताया। दोनो बच्चों से पूछताछ करने पर बिना बताये घर से भागकर शादी करना बताया। इसकी सूचना थाना प्रभारी पुलिस थाना हमीरवास को दिया गया जिन्होने पुलिस थाना हमीरवास में गुमशुदगी रिपोर्ट होना बताया। पकड़े गये दोनों को अच्छे माहौल में बैठाकर चाय नाश्ता करवाया तथा हमीरवास थाने से आये स्टाफ मका० श्रीमति रेणू कुमारी बेल्ट नं0 937 और कां० मनोज कुमार बेल्ट नं0 1320 को सही हालत में अग्रिम कार्यवाही वास्ते सुपुर्द कर फोटोग्राफ लिये। श्री जय कुमार भादू थाना प्रभारी पुलिस थाना हमीरवास द्वारा इस सराहनीय कार्य और पुलिस का सहयोग करने बाबत रेसुब को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। |  |
| 7. | दिनांक 26.01.2025 को सउनि राजबीर सिंह हमराह कॉस्टेबल रतनलाल प्लेटफार्म गश्त के दौरान जब मुसाफिर खाना में पहुँचे तो वहॉ पर मौजूद एक व्यक्ति मोहम्मद अजरूद्दीन ने बताया कि यह वृद्व महिला पिछले कुछ समय से यहॉ मुसाफिर खाने में लावरिस हालात में बैठी हुई है। जो कि देखने में बीमार जैसी लगी रही थी। जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम पता गंगा बेन पत्नी श्री चंदू  उम्र–लगभग 65 वर्ष निवासी अहमदाबाद गुजरात बताया तथा आगे कुछ पूछताछ करने पर कुछ नहीं बता पा रही थी और गुजराती भाषा बोल रही है। जिसकी सूचना अपना घर आश्रम रानी बाजार बीकानेर में दी गई। सूचना पर श्री मोहन गहलोत मोबाईल नंबर 8764396813 मय स्टॉफ रेसुब पोस्ट लालगढ़ उपस्थित हुये। जिनके द्वारा भी महिला से पूछताछ की गई तो नाम पता उपरोक्त बताया इसके अलावा कुछ नहीं बता पाई। जिस पर मन सउनि राजबीर सिंह द्वारा महिला उपरोक्त को सही हालात में ''अपना घर आश्रम'' बीकानेर के प्रतिनिधि श्री मोहन गहलोत, महिला सेवा शक्ति प्रतिनिधि सविता, श्री किशन सिंह को अभियान ''ऑपरेशन डिजनिटी'' के तहत सुपुर्द कर पावती ली गई। |  |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | दिनांक 27.01.2025 को श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पर गाडी संख्या 22997 झालावाड–श्रीगंगानगर के आगमन पर एक यात्री श्री अविनाश कुमार उपेजा ने रेसुब पोस्ट श्रीगंगानगर हाजिर कार्यालय श्री राजकुमार निरीक्षक रेसुब व कास्टेबल कालूराम को एक मदबृद्वि व्यक्ति को पेश कर बताया कि यह व्यक्ति उक्त गाडी में बीकानेर से आया है जिसको संगरिया जाना था जिससे पुछताछ करने पर उक्त मदबृद्वि व्यक्ति ने अपना नाम राहुल बंसल व बताया कि वह अपने घर से नाराज होकर कल दिनांक 26.01.2025 को सगंरिया से रेल गाडी मे बैठकर बीकानेर चला गया था। जिससे अपने भाई के मोबाईल नम्बर पुछने पर अपने भाई के मोबाईल नम्बर 95302–09439 बताय, बताये गये नम्बरो पर सम्पर्क करने पर व्यक्ति ने बताया कि उसका भाई राहुल बंसल पुत्र श्री हरिकृष्ण अग्रवाल उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 13, जैन सभा वाली गली पुलिस थाना सगंरिया जिला हनुमानगढ जो कल शाम से ही घर से नाराज होकर चला गया था। एक व्यक्ति रेसुब पोस्ट श्रीगंगानगर उपस्थित हुआ व बताया कि वह अपने भाई राहुल बंसल को लेने के लिये आया जिससे पुछताछ कि, मदबृद्वि व्यक्ति की आईडी आधार कार्ड मांगा जिसने पेश किया। उक्त व्यक्ति ने अपने भाई के साथ जाने की इच्छा जाहिर करने के बाद पूर्ण तस्दीक करने के उपरान्त उक्त मदबृद्वि व्यक्ति को उसके भाई श्री विपन कुमार पुत्र श्री हरिकृष्ण अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 13 जैन सभा वाली गली पुलिस थाना संगरिया जिला हनुमानगढ को सुकुशल स्वेच्छा से व स्वस्थ हालात में रूबरू गवाहान के समक्ष सूपूर्द किया गया। |  |
| 9. | **f**दिनांक 30.01.25 को 01 एक मंदबुद्दि बालक उम्र लगभग 17 वर्ष रेलवे स्टेशन हनुमानगढ के पीएफ नंबर 01 पर लावारीस हालत में मिला। पुछने पर अपना नाम अनु पुत्र श्री गोपाल उम्र 17 निवासी गांव टोहरी तहसील ईमलिया जिला–दमोह (मध्यप्रदेश) बतायां और बताया की परीजनो से जयपुर में बिछडकर गलत गाडी में बैठकर आना बताया। जिसको सउनि मुरलीधर द्वारा बाल कल्याण समिति हनुमानगढ को सुपुर्द किया गया। |  |

3. <u>सराहनीय कार्यः–</u>

| | |
|---|---|
| 1. |  दिनांक 31.12.2024 को जरिये कन्ट्रोल बीकानेर से सूचना मिली की सवारी गाडी स0 14731 के कोच स0 – बीई–1 मे बर्थ न0 –3 पर एक यात्री का बैग छुट गया है जिसका रंग काला है। सूचना पर कॉ0 नवीन सिंह ऑन डयूटी द्वारा उक्त गाडी प्लेट फार्म न0 1 पर आने पर चैक किया तो बताये अनुसार बैग मिल गया। आस पास बैठे यात्रियों को बैग के बारे में पूछा तो किसी ने अपना नही होना बताया। उक्त बैग को कॉ0 नवीन सिह उक्त बैग को लेकर थाना हाजिर हुआ और कन्ट्रोल बीकानेर को प्राप्त होने बारे नोट करवाया। दिनांक 01.01.2025 को एक व्यक्ति थाने आया जिसने अपना नाम राहुल पुत्र श्री बलबीर निवासी गांव पुठी सामण जिला हिसार हरि0 मो0 –8420906039 बताया और दिनांक 31.12.2024 को गाडी स0 14731 में बैग छुट जाने के बारे में बताया कि आरपीएफ बीकानेर से फोन आया था की आपका सामान मिल गया है जो कि सिरसा आरपीएफ थाने पर है जिससे मै आज यहा आया हूँ जिसे बैग की पहचान करवाई जिसमे एक चार्जर एक हैड फोन व कुछ व्यक्ति कागजात मिले जिनको सही तशदीक कराकर उक्त व्यक्ति के आधार कार्ड की प्रति लेकर मन उपनिरीक्षक मनोहर लाल ने रूबरू गवाहन के समक्ष ऑपरेशन अमानत के तहत उसके सामान को चैक कराकर सही हालात में सुपुर्द किये जा रहे है। उक्त सामान की कीमत लगभग <u>1000</u> रू0 है। |
| 2. |  दिनांक 01.01.2025 को सउनि सुरेश कुमार को दौराने गस्त सिरसा स्टे0 के प्लेअ फार्म न0 –1 पर बने वाटर कॉलम पर एक स्मार्ट मोबाईल फोन सैमसंग कम्पनी का जिसका रंग काला रखा हुआ मिला। जिसके बारे में आस– पास बैठे यात्रियो से पुछताछ किया तो किसी भी यात्री ने अपना नही होना बताया। सउनि ने उदघोषणा कक्ष से उदघोषणा करवाने पर कुछ समय पश्चात एक व्यक्ति थाना हाजिर आया व अपने मोबाईल फोन के बारे में वाटर कॉलम पर भूल जाने का बताया। जिस पर व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम कृष्ण सोनी पुत्र श्री राजकुमार सोनी उम्र 42 वर्ष निवासी मकान न0 –265 बी सैक्टर 19 जिला सिरसा होना बताया तथा अपना आधार कार्ड व एक रेलवे टिकट पेश किया। बताया कि मै भट्टू जाने के लिए स्टेशन पर आया हूँ मुझे गोरखधाम से भट्टू जाना था जिससे मैने एटीवीएम से अपना टिकट सिरसा से भट्टू का लिया हैं। स्टे0 पर पकोडे खाने के बाद हाथ धोते समय वाटर कॉलम पर फोन को भूल जाना बताया। सउनि ने मोबाईल की पहचान करवाई तो सही तशदीक कर सउनि ने रूबरू गवाहन के समक्ष उक्त फोन की तशदीक करने पर फोन का असल मालिक पाये जाने पर कृष्ण सोनी पुत्र श्री राजकुमार सोनी पता उपरोक्त को जरिये सुपुर्दगीनामा तैयार कर ऑपरेशन अमानत के तहत सही हालात में सुपुर्द कर फोटो व पावती ली। उक्त मोबाईल फोन की किमत लगभग <u>22000</u> रू0 है। |
| 3. |  दिनांक 01.01.2025 को जरिए मंडल सुरक्षा नियन्त्रण कक्ष बीकानेर से सउनि शीशराम मीणा रेसुब आउट पोस्ट लोहारू को सूचना मिली की एक यात्री जिसका नाम प्रदीप है गाडी नम्बर 22471 के पीछे के जनरल कोच में जिसका जल्द बाजी मे गलती से लाल रंग का पिट्ठू बैग रेल में छूट गया है, सूचना पर हैड कां. श्याम सुंदर ने गाड़ी के लोहारू स्टेशन पर आगमन पर बैग की तलाश किया मिलने पर मंडल सुरक्षा नियन्त्रण कक्ष बीकानेर को सूचित किया गया, जिस पर दिनांक 02.01.2025 को उक्त यात्री प्रदीप पुत्र श्री सुमेर सिंह निवासी लाडवा(156),थाना सदर व जिला हिसार, हरियाणा ने उनि पूनम सैनी रेसुब लोहारू चौकी कार्यालय के समक्ष पेश होकर बताया कि मुझे रेवाडी से हिसार जाना था पर गलती से गलत गाडी में बैठ गए पता चलने पर वापस उतरे तो बैग जल्दबाजी में गाडी में ही छूट गया। इस पर बैग को रुबरुह गवाहान के समक्ष चैक किया गया तो बैग में निम्न सामान मिलाः–01 एक बैग कीमत 500/–02 एक थर्मस कम्पनी मिल्टन कीमत 500/–03 एक बोतल कीमत 150/–04 चार टिफीन कीमत 300/–05 पुराने इस्तेमाली कपड़े 06 एक चार्जर कीमत 700/–यात्री ने बैग सहित सामान की कुल कीमत करीब 2300/– रुपये होना बताया बाद नाम व पता तसल्ली होने पर सही हालत में बैग उक्त सामान सहित रुबरुह गवाहान के समक्ष उक्त यात्री प्रदीप पुत्र श्री सुमेर सिंह निवासी लाडवा(156),थाना सदर व जिला हिसार, हरियाणा को सुपुर्द किया गया। |

| | |
|---|---|
| 4. |   दिनांक 28.12.2024 को है०का० नोरंगदास को दौराने ड्यूटी रेसुब कन्ट्रोल बीकानेर से सूचना पर सवारी गाड़ी सं. 22498 में एक यात्री नाम रजनिश पुत्र श्री जयप्रकाश उम्र 48वर्ष निवासी फारसो का बंगला मोती चौक जोधपुर मो० न0 9828252851 पीएनआर न० 4831250543 कोच सं० बी 14 उक्त गाड़ी मे सामान रह गया है। उक्त सूचना पर है० का० नोरंगदास ने उक्त गाडी के सूरतगढ स्टेशन आवगमन आने पर उक्त कोच को अटैण्ड किया। उक्त कोच मे एक पीले रंग का कैरी बैग मिला। जिसमे एक चश्मा व अन्य सामान व खादय सामग्री मिली जिनको लेकर चौकी सूरतगढ आया की सूचना कंट्रोल को दी । दिनाँक 03.01.25 को है०कां छगनलान के हाजिर कार्यालय के समक्षएक व्यक्ति उपस्थित हुआ बताया की मेरा नाम पवन सिंह पुत्र श्री राम सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड न0 37 सुभाषपुरा बीकानेर जिला बीकानेर है जो उक्त सवारी गाडी के कोच सख्या बी–14 पीएनआर न0 4831250543 मेरा मो० न० 6377183074 है मेरा दोस्त जो उक्त गाडी मे यात्रा के दिन अपना सामान भूलवंश सीट के नीचे रह जाना बताने पर है०कां० छगनलाल ने पहचान पत्र प्राप्त कर तसदीक करने पर उक्त सामान को उक्त व्यक्ति को सही हालत मे दिनांक 03.01.2024 को सुपूर्द किया उक्त सामान की कीमत 5500 रूपये आकी गई। |
| 5. |   दिनांक 03.01.2025 को सउनि रामकिशोर को निरीक्षक प्रभारी सादुलपुरएव मण्डल सुरक्षा नियत्रण कक्ष बीकानेर से सूचना कि सवारी गाड़ी सख्या 14728 के स्लीपर कोच नम्बर एस–4 की सीट सख्या 15 पर एक यात्री का काले रंग का पिठू बैग छुट्ट गया है उक्त सूचना पर सउनि हमराह स्टाफ के साथ उक्त गाड़ी के सादुलपुर आगमन पर चैक किया तो उक्त गाड़ी के उक्त कोच की उक्त सीट के नीचे एक लावारिस काले रंग का पिठू बैग दिखाई दिया। आस पास के यात्रियों से पुछताछ किया तो किसी ने अपना नहीं होना बताया एव बताया कि एक यात्री था जो दिल्ली यात्रा कर रहा था जो इस सीट पर बैठा था पिछे किसी स्टेशन पर उतर गया शयद उसी का हो सकता है । उक्त बैग को रेसुब पोस्ट सादुलपुर लाया गया कुछ समय बाद एक व्यक्ति रेसुब पोस्ट सादुलपुर पर आया और अपनी पहचान के कागजात प्रस्तुत किये जिसमें नाम व पता खड़क सिंह पुत्र श्री माल सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी पत्लिसर बार पातलीसर बड़ा तहसील चुरू जिला चुरू मोबाईल नम्बर 8930776744 ने बताया कि उक्त गाड़ी में दिल्ली से लोहारू तक कि यात्रा कर रहा था एव स्वंय के पास जनरल की टिकिट थी टीटीई से पुछने पर टीटीई ने स्लीपर कोच में जगह नही होना एव बताया कि आप के पास जनरल कोच की टिकिट है तो आप जनरल कोच में चले जाओ जिस पर मेरे पास सामान ज्यादा था और लोहारू से पहले स्टेशन पर उतर कर जनरल कोच में गया तो मेरा बैग स्लीपर कोच में रह गया था बाद लोहारू स्टेशन पर में उतर गया और मेरा काले रगं का पिठू बैग स्लीपर कोच में ही रह गया था। गुगल पर सर्च कर निरीक्षक सादुलपुर के नम्बर निकाल कर फोन किया था तो निरीक्षक सादुलपुर से बात हुई तो उन्होने बताया कि आप का सामान रेलवे स्टेशन सादुलपुर के रेसुब पोस्ट पर रखा है जिसकी पूर्ण तस्दिक होने पर उक्त काले रंग का पिठू बैग को रूबरून गवाहन के समक्ष चैक करवाया तो उक्त काले रंग का पिठू बैग में कैमरा सोनी जिसकी किमत 1,50,000 (एक लाख पचास हजार रूप्ये), मोबाईल रेडमी 30,000 (तीस हजार रूप्ये), एक कैमरा का चार्जर 35,00(तीन हजार पांच सौ रूप्ये), एक मोबाईल का चार्जर 15,00(एक हजार पांच सौ रूप्ये), एक कैमरे का लेन्स 3000(तीन हजार रूप्ये), एव पहनने के नये, पुराने कपड़े एव कोसमेटिक्स सामान किमत लगभग 5000(पांच हजार रूप्ये) कुल किमत 193000 (एक लाख तिरानवे हजार रूप्ये) होना बताया जिसको रूबरून गवाहन के समक्ष सुपुर्द करते हुए फोटोग्राफी कर पावती प्राप्त की तो यात्री ने रेसुब का तहदिल से शुक्रिया अदा किया। |
| 6. |   दिनांक 04.01.2025 को रेसुब पोस्ट सादुलपुर की आउट पोस्ट लोहारू से महिला कांस्टेबल कंचन को जरिये फोन से सुचना प्राप्त हुई कि सवारी गाड़ी 22421 के जनरल कोच में एक यात्री का एक कार्टुन रह गया है उक्त सूचना रेसुब पोस्ट सादुलपुर पर तैनात कांस्टेबल सजंय कुमार को अवगत करवाया गया उक्त गाड़ी के आगमन पर उक्त गाड़ी के जनरल कोच को चैक किया तो उक्त कार्टुन दिखाई दिया जिसके सम्बन्ध में आस पास के यात्रियों से पुछने पर किसी ने अपना होना नही बताया एव बताया कि किसी यात्री का रह गया है उक्त कार्टुन को रेसुब पोस्ट सादुलपुर पर लाया गया कुछ समय बाद एक व्यक्ति रेसुब पोस्ट पर आया और अपना नाम व पता मुकेश कुमार पुत्र श्री ओम सुरेश उम्र 36 वर्ष निवासी गांव |

| | |
|---|---|
| | उमरवास तहसील बाढडा जिला चरखीदादरी मोबाईल नम्बर 9728735636 ने बताया कि दिल्ली से लोहारू तक की यात्रा कर रहा था यात्रा के दौरान लोहारू स्टेशन पर उतर गया और सामान को उक्त कोच में भूल गया पूर्ण तस्दिक होने पर रूबरून गवाहन के समक्ष उक्त कार्टुन को खोलकर चैक करवाया गया तो उक्त कार्टुन के अन्दर हिटर एक किमत 1950, क्लीनीक मशीन 1300, पुराने जुते चार जोड़ी 4000, टेल लेम्प एक 200 कुल किमत 7450 रूप्ये होना बताया बाद उक्त सामान को रूबरून गवाहन के समक्ष सुपुर्द किया। |
| **7.** |  दिनांक 04.01.2025 को मण्डल सुरक्षा नियन्त्रण कक्ष बीकानेर से सुचना प्राप्त हुई कि सवारी गाडी 14708 कोच संख्या एसई–1 सीट नम्बर 17 पर यात्री का बैग छूट गया है। सूचना पर ऑन डयुटी, डयुटी अधिकारी जगबीर सिंह व ऑन डयुटी स्टाफ हैका0 कुलदीप सिंह द्वारा गाडी के आगमन पर चैक किया तो गाडी संख्या 14708 के उक्त कोच मे सीट नम्बर 17 के निचे एक भूरे रंग का बैग मिला, बैग के बारे मे आस–पास के यात्रियो से पूछने पर किसी ने भी अपना नही होना बताया। गाडी मे यात्रा कर रहे एक यात्री ने बताया कि जिस यात्री का बैग वह यात्री पाली स्टेशन पर उतर गया है। उक्त बैग को यात्री की मद्द से रेसुब पोस्ट बीकानेर पर लेकर आये। एक व्यक्ति रेसुब पोस्ट बीकानेर पर उपस्थित हुआ और अपना नाम व पता दिलीप कुमार पुत्र श्री आईदान राम सुथार उर्म–44 वर्ष निवासी ए/03 सी–02 रूपमोल सीएचएस नालन्दा बिल्डींग सामोर प्रेरा नगर नायागाव पूर्व वसई महाराष्ट्र मोबाईल नम्बर 7499572875 बताया और बताया मैं बोरीवली से नागौर तक की यात्रा कर रहा था, मैं पानी लेने के लिये पाली स्टेशन पर उतरा था, गाडी अपने नियमित ठहराव के बाद गाडी रवाना हुई तो मैं गाडी मे नही चढ पाया मेरा बैग गाडी मे ही छूट गया। बैग मे 01 लाल रंग का स्वेटर, 08 शर्ट, 01 हाफ जैक्ट उनी, 01 सैमसंग कम्पनी का मोबाईल, 02 उनी शोल सामान होना बताया। उक्त बैग को चैक करने पर सामान सही होना पाया गया, जिसकी लगभग कुल कीमत 17300/– रूपये होना बताया। उक्त यात्री का पहचान पत्र लेकर पूर्ण तस्दीक कर रूबरू गवाहान के समक्ष सही हालत मे बैग को सुपुर्द कर पावती लिया गया। |
| **8.** |  दिनांक 05.01.2025 को रतनगढ रेलवे स्टेशन पीएफ न0 02 पर ऑन डयूटी कान्स0 सत्यप्रकाश को दौराने डयूटी एक पुराना मोबाईल फोन कम्पनी संमसंग रगं लाईट डार्क रेलवे लाईनो पर लावारिश हालात में पडा मिला जिसके मोबाईल कवर में  पांच पांच सौ के कुल 04 नोट कुल 2000/–रूपये नगद मिले जिसके बाबत आस पास बैठे यात्रियों से पुछने पर अपना नहीं होना बताकर अनभिज्ञता जाहिर किया।उक्त फोन को रेसब चौकी रतनगढ पर लाने पर उक्त फोन पर एक कॉल आया व बताया कि मेरा नाम ओमप्रकाश गोदारा पुत्र श्री सहीराम गोदारा, उम्र–38 निवासी बांधना दिखनादा, जिला–चुरू राज0 मोबाईल नं0 99288083468 बताकर उक्त मोबाईल फोन कम्पनी सेंमसंग रगं लाईट डार्क स्वयं का होना बताया तथा दिनांक 04. 01.2025 को सवारी गाडी सं0 22482 से दिल्ली सराय रोहिल्ला से रतनगढ की यात्रा के दौराने रतनगढ रेलवे स्टेशन पर गाडी से उतरते समय गिर जाना बताया। दिनांक 05.01.2025 को उक्त व्यक्ति मन उप निरी0 विजय सिंह मीणा के समक्ष रेसुब चौकी रतनगढ पर हाजिर हुआ व अपना पहचान पत्र व रिजर्व रेलवे टिकट उक्त सवारी गाडी की वातानुकुलित क्लास पीएनआर न0 2427673837 पेश कर अपने उक्त मोबाईल को सुपुर्द करने की प्रार्थना करने पर उनि0 विजय सिंह मीणा ने मोबाईल फोन की पुर्ण मालिकाना हक की तस्दीक कर रूबरू गवाहान के समक्ष मोबाईल को उसके मालिक ओमप्रकाश गोदारा पुत्र श्री सहीराम गोदारा पता उपरोक्त को सकुशल सुपुर्द कर पावती लिया गया। मोबाईल की कीमत उसके मालिक उक्त द्वारा रूपये 19000/– होना व 2000/– नगद रूपये कुल कीमत 21000/– रूपये होना बातया। |
| **9.** |  दिनांक 26.12.2024 को मण्डल सुरक्षा नियत्रण कक्ष बीकानेर से सूचना प्राप्त हुई कि सवारी गाड़ी सख्या 20403 के पिछे कि तरफ जनरल कोच में एक यात्री का काले रंग बैग रह गया है। उक्त सूचना पर उक्त गाड़ी के लोहारू रेलवे स्टेशन पर आगमन पर उक्त कोच को चैक किया तो उक्त कोच में एक लावारिस काले रगं बैग दिखाई दिया जिसके बारे में यात्रियो से पुछताछ किया तो किसी ने अपना होना नही बताया एव बताया कि किसी का रह गया है।उक्त बैग को जरिये मण्डल सुरक्षा नियत्रण कक्ष बीकानेर को सूचना दिया गया। दिनांक 05.01.2025 को रेसुब आउट पोस्ट लोहारू पर एक यात्री आया और बताया कि दिनांक 26.12.2024 को सीकर से जयपुर जाना था गलती से उक्त गाड़ी में चढ गया था और यात्रियो ने बताया कि यह गाड़ी जयपुर नही जा रही है तो हड़बड़ाट में रेलवे स्टेशन झुझुनू में उतर गया था और स्वंय का बैग |

| | |
|---|---|
| | गाड़ी में रह गया था। उनि के समक्ष अपनी पहचान के कागजात प्रस्तुत किये जिसमें नाम व पता सार्थक पुत्र श्री विजय कुमार ढाड उम्र 16 वर्ष निवासी घर नम्बर 664 वार्ड नम्बर 06 सदर बाजार भाटखेड़ी तहसील मनासा जिला निमच मोबाईल नम्बर 7987324397 पूर्ण तस्दिक होने पर रूबरून गवाहन के समक्ष उक्त बैग को चैक करवाया गया तो उक्त बैग में 03 प्लास्टि के डिब्बे, एक काले रंग का ब्लेजर, एक बैड सीट और पहनने के नये व पुराने कपड़े जिनकी कुल कीमत 5000(पाचं हजार रूपये) होना बताया। उक्त बैग मय सामान को सुपुर्द किया। |
| **10.** |  श्रीमानजी दिनांक 05.01.2024 को कन्ट्रोल बीकानेर से रेल मदद के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई कि गाडी संख्या 14086 सिरसा एक्स0 में एक यात्री नाम अमित पुत्र श्री सेवासिंह मोबाईल नं. 7988530028 जो कि सिरसा से गुडगांव तक की यात्रा करने के लिए सिरसा स्टेशन पर आया था, उसका एक काले रंग का बैग जिसमें नए कपडे व मोबाईल चार्जर था, व घरेलू सामान था,उसने स्टेशन पर प्लेटफार्म न0–01 पर सीट पर रख दिया, बैग रखने के बाद वह चाय पीने के लिए प्लेटफार्म पर बनी स्टाल पर चला गया बाद गाडी चल पडी और बैग सिरसा स्टेशन पर ही छूट गया। उक्त सूचना पर ऑन डयूटी स्टाफ म0 कांस्टेबलरितु शर्मा/रेसुब/सिरसा द्वारा रेलवे स्टेशन सिरसा पर चैक किया तो एक काले रंग काबैगजिसमें नए कपडे व मोबाईल चार्जर था व घरेलू सामान था, प्लेटफार्म न0–01 पर सीट पर रखा मिला। उक्त स्थान पर बैठे यात्रियों से बैग के बारे में पूछने पर किसी ने अपना होना नहीं बताया। यात्री के मोबाईल नम्बर 7988530028 पर सम्पर्क कर बैग से संबंधित तफतीश करने पर बैग उसी का होना पाया गया जिसकी अनुमानित कीमत 5000/–रू0 बताई। आज दिनांक 06.01.2025 को नाम अमित पुत्र श्री सेवासिंह उम्र 21 वर्ष निवासी मकान न0 193 डी/16 नजदीक राव मोहर मार्ग नई बस्ती गुरगांव कार्यालय आया , जिसके बताए अनुसार उक्त सामान का मिलान करने पर सही होना पाए जाने पर जिस हालत में मिला था उसी हालत में उक्त सामान को है0कॉ0 रामनिवास द्वारा सुपूर्द किया गया। |
| **11.** |  दिनांक 06.01.2025 को मण्डल सुरक्षा नियत्रण कक्ष बीकानेर से सूचना प्राप्त हुई कि सवारी गाड़ी सख्या 14728 के स्लीपर कोच एस–01 की सिट न0–20 के निचे एक यात्री का बैग रह गया है। उक्त सूचना पाकर हैड कास्टे0 ओमप्रकाश कास्टे जोगेन्द्र सिंह के द्वारा गाडी सादुलपुर स्टेशन आगमन के समय उक्त कोच को चैक करने पर एक बैग मिला जिसके बारे में पुछने पर किसी ने अपना नही होना बताया । बैग को उतार कर पोस्ट सादुलपुर लाकर मण्डल सुरक्षा नियत्रण कक्ष बीकानेर को सुचना दि गई। दिनांक 06.01.2024 को निरी0 महेन्द्र सिंह सादुलपुर के समक्ष एक व्यक्ति पेश होकर नाम पता प्रभन्जन साहु पुत्र श्री शिवनारायण साहु उम्र–19 वर्ष निवासी मकान न0–19 प्लोट न0–617 रोयल गार्डन पाटिया खोरडा उडीसा ने बताया कि दिनांक 05.01.2025 को मै दिल्ली से लोहारू तक स्लीपर कोच सवारी गाडी स0–14728 में सिट न0–20 पर यात्रा कर रहा था जो मे लोहारू स्टेशन पर गाडी पहुचने पर जल्द बाजी में और मेरा एक बैग ट्रेन में ही रह गया था। उक्त बैग की पुर्ण तस्दीक होने पर उपस्थित हैड का0 ओमप्रकाश के समक्ष खोलकर देखने पर लेपटॉप मय चार्जर, मोबाईल फोन, क्लकुलेटर, हाथ कि धडी, स्टील की पानी की बोतल, बलुटुथ, किताबे, व नगद राशी 2610/–बैग मे पुर्ण कुल 121810/–एक लाख ईकीस हजार आठ सो दस रूप्ये का होना पाया गया। उक्त बैग मय सामान को सुपुर्द किया। |
| **12.** |  दिनांक 03.01.2025 को मण्डल सुरक्षा नियत्रण कक्ष बीकानेर से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे स्टेशन सादुलपुर प्लेटफॉर्म नम्बर 02 के बीच में एक यात्री का पिठू बैग रह गया ,उक्त सूचना पर रेसुब पोस्ट सादुलपुर से हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश ने उक्त प्लेटफॉर्म पर तलाश किया तो एक लावारिश बैग दिखाई दिया। आस पास पुछताछ किया तो किसी ने अपना होना नही बताया। उक्त बैग को रेसुब पोस्ट सादुलपुर पर लाया गया। दिनांक 06.01.2024 को सउनि रामकिशोर हाजिर कार्यालय के समक्ष एक व्यक्ति आया और अपना नाम व पता दीपकर पुत्र श्री सुन्दर शर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी गांव निम्बेहड़ा तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ मोबाईल नम्बर 8198948683 ने बताया कि सादुलपुर से श्रीगगानंगर जाने के लिए रेलवे स्टेशन सादुलपुर पर आया था और गाड़ी का समय होने के कारण मेरे पास सामान ज्यादा हो गया था जिस कारण से मेरा स्वंय का एक बैग रेलवे स्टेशन सादुलपुर के प्लेटफॉर्म नम्बर 02 पर रह गया था जिसके सम्बन्ध में रेल मदद की थी तो मेरे को बताया गया कि आप का बैग मिल गया है जो रेसुब पोस्ट सादुलपुर पर होना बताया गया आज श्रीगंगानगर से आया तो मेरा बैग लेने के लिए आप के पास पहुचा हूॅ। पूर्ण तस्दिक होने के बाद रूबरून गवाहन के समक्ष उक्त बैग को खोल कर चैक करवाया गया तो उक्त बैग में नये एव पुराने कपड़े व मोबाईल का चार्जर जिनकी |

| | |
|---|---|
| | कुल किमत 5000(पांच हजार रूपये) होना बताया। रूबरून गवाहन के समक्ष सुपुर्द करते हुए फोटोग्राफी कर पावती प्राप्त की । |
| 13. |  दिनांक 06.01.2024 को कन्ट्रोल बीकानेर से रेल मदद के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई कि गाडी संख्या 12555 गोरखधाम एक्स. में एक यात्री नाम सत्येन्द्र कुमार सिह पुत्र श्री रूपकान सिंह मकान नं. 378 सेक्टर 14 द्वारका दिल्ली मोबाईल नं. 8800559928 जो कि गोरखपुर से दिल्ली की यात्रा कर रहा था, का एक बैग उक्त गाड़ी में छुट गया है। उक्त सूचना पर ऑन डयूटी स्टाफ म0 कांस्टेबल रितु शर्मा व उनि. मनोहर लाल/रेसुब/सिरसा द्वारा रेलवे स्टेशन सिरसा पर उक्त गाड़ी को चैक किया गया तो कोच सं. बी–01 में सीट नं. 01 के नीचे एक धारीदार कपड़े का बना हुआ बैग मिला।<br>उक्त स्थान पर बैठे यात्रियों से बैग के बारे में पूछने पर किसी ने अपना होना नहीं बताया। उक्त बैग की फोन जरिए वाटसअप कन्ट्रोल बीकानेर को भेजी गई। कन्ट्रोल बीकानेर ने यात्री को फोटो भेजकर तस्दीक करने पर यात्री द्वारा बैग उसका ही होना बताया। जिसपर बैग को गाड़ी से उतार कर पोस्ट पर लाया गया। यात्री के बताये अनुसार बैग का सामान चैक करने पर कपड़े व खाने का सामान पाया गया। यात्री द्वारा बताया गया कि उसका कोई परिचित पोस्ट पर आकर उसका सामान ले जाएगा। दिनांक 07.01.2025 को नाम सन्नी पुत्र श्री औमप्रकाश उम्र 26 वर्ष निवासी गांव बोड़ी जिला सावाई माधौपुर राजस्थान कार्यालय आया, जिसने यात्री सत्येन्द्र कुमार से जरिए मोबाईल बात करवाई, बैग की सत्यतता की जांच की गई, जो सही पाई गई। जरिए सुपुर्दगीनामा स्बरूह गवाहन उक्त बैग को जिस हालत में उतारा था, उसी हालत में सुपुर्द किया जा रहा है। यात्री द्वारा उक्त बैग में रखे सामान की कीमत 5500/–रूपये बताई। |
| 14. |  दिनांक 07.01.2025 को कांस्टेबल प्रदीप कुमार को दौराने ड्यूटी बीकानेर स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 06 पर एक सफेद रेग का कैरी बैग लावारिस हालत में मिला, जिसे प्लेटफॉर्म पर उपस्थित सफाई कर्मचारी के समक्ष चैक किया व आस–पास यात्रियों से उक्त कैरी बैग के संबंध में पूछा तो किसी ने अपना होना नहीं बताया। पोस्ट पर लाकर उक्त कैरी बैग को ड्यूटी अधिकारी सउनि श्रीनिवास द्वारा चैक करने पर उसमें दो जोड़ी पुराने कपड़े, 140/– रूपये नकद, एक एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, दो मोबाईल SAMSUNG & REALME कम्पनी व एक डायरी जिसमें यात्री का मोबाईल नम्बर व घर का पता लिखा मिला। मिले हुए मोबाईल में नं. 9541423242 पर सम्पर्क करने पर बताया कि हम पीबीएम बीकानेर दवा लेने आये थे जल्दबाजी में हमार एक कैरी बैग रेलवे स्टेशन बीकानेर पर ही छूट गया, आप अपने पास ही रखना हम लेने आ रहे है। एक व्यक्ति नाम– पवन कुमार पुत्र श्री साहब राम उम्र–41 वर्ष, निवासी–वार्ड नम्बर 05, सिरसा (हरियाणा) पोस्ट पर आया व बताया कि मेरा कैरी बैग स्टेशन पर छूट गया था आपके फोन आने पर मैं लेने हाजिर हुआ हूं। जिसे तस्दीक कर डयूटी अधिकारी सउनि श्रीनिवास द्वारा मय आवश्यक कार्यवाही के रूबरू गवाहान् उक्त कैरी बैग में रखे दो जोड़ी पुराने कपड़े, 140/– रूपये नकद, एक एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, दो मोबाईल SAMSUNG & REALME कम्पनी व एक डायरी जिसकी कुल कीमत 18000/– रूपये, उसके मालिक पवन कुमार को सामान उक्त की पूर्ण तस्दीक कर सही हालत में ऑपरेशन अमानत के तहत सुपुर्द कर पावती ली फोटोग्रफी की। |
| 15. |  दिनांक 06.01.2025 को मण्डल सुरक्षा नियन्त्रण कक्ष बीकानेर से सुचना प्राप्त हुई कि सवारी गाडी 22463 कोच संख्या एस–03 सीट नम्बर 78 पर यात्री का हैडफोन छूट गया है। सूचना पर वाशिंग लाईन बीकानेर मे उक्त गाडी के रैक को ऑन डयुटी स्टाफ हैका0 हरजिन्द्र सिंह द्वारा चैक किया तो उक्त गाडी के एस–03 के सीट नम्बर 78 पर 02 नये हैडफोन मिले, जिसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बीकानेर पर लाया गया। दिनांक 08.01.2025 को सउनि श्रीनिवास हाजिर कार्यालय बीकानेर के समक्ष एक व्यक्ति रेसुब पोस्ट बीकानेर पर उपस्थित हुआ और अपना नाम कोशल खत्री पुत्र श्री विशन लाल, उम्र–29 वर्ष निवासी हैड पोस्ट ऑफिस के पास कुचिलपुरा बीकानेर राजस्थान मोबाईल नम्बर 7627094488 बताया तथा उसका दोस्त नाम मयूर भाटी पुत्र श्री हनुमान भाटी निवासी–कांगरवाड़ा बस्ती मौहल्ला, नागौर राजस्थान उक्त गाडी में दिल्ली से नागौर तक की यात्रा कर रहा था और वह नागौर मे जल्दीबाजी मे गाडी से उतर गया और अपने 02 हैडफोन गाडी मे ही भूल गया।` दोस्त के बताये अनुसार मे रे.सु.ब. थाना बीकानेर मे हैड फोन को लेने आया हूॅ। अपने दोस्त श्री मयूर भाटी से जरीये फोन बात करवा कर कौशल खत्री से पहचान पत्र लेकर पूर्ण तस्दीक कर रूबरू गवाहान के समक्ष सही हालत मे 02 हैडफोन को सुपुर्द कर पावती लिया गया। उक्त 02 हैडफोन की लगभग कुल कीमत 1400/– रूपये होना बताया। |

| | |
|---|---|
